कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 31-03-2025

विषय:- पिकअप वाहन में क्रूरतापूर्वक लदे 10 राशि गोवंश (09 राशि जिन्दा व 01 राशि मृत) बरामद, 02 नफर गौ-तस्कर थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व प्रभारी निरीक्षक लंका के नेतृत्व में थाना लंका पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक- 31.03.2025 को लंका पुलिस द्वारा लौटूवीर पुलिया के आगे सर्विस लेन से अभियुक्तगण (1) जय हिंद यादव पुत्र गामा यादव निवासी कैथा उर्फ टडिया थाना अलीनगर मुगलसराय उम्र 19 वर्ष (2) खलासी-चंद्रजीत यादव पुत्र तहसीलदार यादव निवासी ताला बेला थाना चोलापुर वाराणसी उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरण:- दिनांक 31.03.2025 को उच्चाधिकारीगण के आदेश के क्रम में अवैध मादक पदार्थ एवं गौ तस्करी की रोकथाम हेतु चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि प्रयागराज की तरफ से एक पिकअप वाहन से कुछ लोग गोवंश को क्रूरता पूर्वक लादकर वध हेतु बिहार लेकर जा रहे हैं तथा टोल से बचने के लिए लौटूबीर मार्ग से होकर हाइवे पर चढ़ेंगे सूचना पर थाना लंका पुलिस बल द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए एक पिकअप वाहन संख्या नं0- UP65PT9279 को रोका गया जिसकी चेकिंग की गयी तो उपरोक्त वाहन में 10 राशि गोवंश क्रूरतापूर्वक लदे पाये गए जिसमें एक राशि गोवंश मृत मिला। वाहन में मौजूद चालक व खलासी (कुल 02 नफर अभियुक्तगण) को बाद पूछताछ गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ विवरण- पकड़े गए अभियुक्तगण से पूछताछ पर बता रहे हैं कि हमलोग गोवंश को प्रयागराज से वाहन में लादकर वध हेतु बिहार लेकर जा रहे थे कि आपलोगों द्वारा पकड़े गए।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम-पता-

1. जय हिंद यादव पुत्र गामा यादव निवासी कैथा उर्फ टडिया थाना अलीनगर मुगलसराय उम्र 19 वर्ष
2. चंद्रजीत यादव पुत्र तहसीलदार यादव निवासी ताला बेला थाना चोलापुर वाराणसी उम्र 22 वर्ष

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक-31.03.2025 स्थान- लौटूवीर पुलिया के आगे सर्विस लेन से, थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरण -

अभियुक्त जय हिन्द यादव उपरोक्त-

1. मु0अ0सं0- 0106/2025 धारा 3/5ए/5बी/8 गौवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी ।
2. मु0अ0सं0- 514/2023 धारा 307/429 भा0द0वि0 व 3/5ए/5बी/8 गौ हत्या नि0अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना शिवपुर, कमि0 वाराणसी।
3. मु0अ0सं0- 258/2024 धारा 74 बी0एन0एस0 थाना अलीनगर, जनपद चन्दौली ।
4. मु0अ0सं0- 0291/2024 धारा 9/25 आयुध अधिनियम थाना चन्दवक, जनपद जौनपुर ।

अभियुक्त चन्द्रजीत यादव उपरोक्त-

1. मु0अ0सं0- 0106/2025 धारा 3/5ए/5बी/8 गौवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी ।
2. मु0अ0सं0- 0296/2023 धारा 279/304ए/337/338 भा0द0वि0 थाना चोलापुर, कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. शिवाकान्त मिश्र, प्रभारी निरीक्षक थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 विकाश पाण्डेय, चौकी प्रभारी रमना, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 आलोक कुमार सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 मनोज कुमार राजपूत, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 राजेश कुमार सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 हरिनिवास गौड़, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 संतोष कुमार सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 शुभम त्रिपाठी, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
9. का0 दीपक कुमार मौर्या, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
10. का0 मिथिलेश कुमार, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी ।